जीएनएलयू में आज से अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस

अहमदाबाद. गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (जीएनएलयू) में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आरंभ होगा। सामाजिक कार्य, कानून व मानव अधिकार विषय पर आयोजित होने वाले इस कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन गुजरात उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विक्रम नाथ करेंगे। दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य विद्वानों, सामाजिक कार्यों को सामाजिक कार्य, कानून व मानव अधिकार के अंतरअनुशासीय अध्ययन को बढ़ावा देना और उन्हें शोध, व्यावहारिक ज्ञान को लेकर मंच प्रदान करना शामिल है। इस कॉन्फ्रेंस में विप्रो के एचआर हेड प्रवीण कामथ कुंबला, इंडिया आईएनएक्स की हेड ऑफ लिस्टिंग कृष्णा गंगोपाध्याय और अर्नस्ट एंड यंग के एचआर मैनेजर संदीप सिंह और स्नैपसर्च की फाउंडर अशिका धोकई संबोधन करेंगे।

Scanned by CamScanner